Title : Regarding measures undertaken to check floods

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : महोदया, ना सिर्फ मेरा संसदीय क्षेत्र दरभंगा अपितु उत्तर बिहार की आठ करोड़ आबादी को प्रति वर्ष बाढ़ की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है।

महोदया, सर्वप्रथम मैं देश के आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की भारत की सरकार को धन्यवाद देना चाहूँगा कि इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक पहल प्रारंभ हो चुकी है और केन्द्रीय जल आयोग के द्वारा कमिटी का गठन भी किया गया है । बाढ़ से स्थायी समाधान हेतु पड़ोसी देश नेपाल सरकार का इस विषय पर सकारात्मक रूख आवश्यक है और इस दिशा में हमारी सरकार ने आवश्यक पहल भी की है। नेपाल से आने वाली नदियों के उदगम स्थानों पर हाई डेम निर्माण ही इस समस्या का स्थायी समाधान होगा। हम सभी को इस वाक्य पर पूर्ण भरोसा है "मोदी है तो मुमकिन है" निश्चित रूप से उत्तर बिहार बाढ़ की समस्या से मुक्त होगा।